## सार-समाचार

### ‘सतरंगी सप्ताह’ 17 से 23 अप्रेल तक

**झालावाड़** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने व विशेष योग्यजन, ट्रान्सजेन्डर, घुमन्तु जनजाति, महिला एवं युवा मतदाताओं एवं अन्य मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत 17 से 23 अप्रेल तक मतदाता जागरूकता ‘सतरंगी सप्ताह’ का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व स्वीप प्रभारी शम्भू दयाल मीणा ने बताया कि स्वीप अभियान के अन्तर्गत आयोजित किए जाने वाले सतरंगी सप्ताह के दौरान 17 अप्रेल को ट्रांसजेण्डर व घुमन्तु जाति वर्ग को जागरूक करने हेतु द्वारकाधीश मन्दिर झालरापाटन में लोक नृत्य एवं बिन्दौरी नृत्य कार्यक्रम, 18 अप्रेल को श्रमिक व मजदूर वर्ग के लिए म्यूजिकल बैण्ड प्ले एवं वोट बारात (निर्भय सिंह सर्किल से), 19 अप्रेल को समावेशी वॉकथॉन (मिनी सचिवालय से), 20 अप्रेल को दिव्यांग मतदाताओं द्वारा ट्राई साईकिल रैली (पंचायत समिति कार्यालय झालरापाटन से), 21 अप्रेल को युवा मतदाताओं द्वारा साईकिल रैली व फ्लेश मोब (राजकीय खेल संकुल से मिनी सचिवालय तक), 22 अप्रेल को महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं महिला स्कूटी रैली (मिनी सचिवालय से) तथा 23 अप्रेल को चन्द्रभागा नदी झालरापाटन मन्दिर परिसर में वोट ट्री व दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### श्रीराम-हनुमान यज्ञ की तैयारियां पूर्ण

**छबड़ा** (निसं)। श्रीहनुमान सिद्ध साधना आश्रम, अमीरपुर खेड़ी पर नौ कुण्डीय श्री राम-हनुमान यज्ञ की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। प्रमुख यज्ञाचार्य बृजमोहन शर्मा, यज्ञ सहायक पण्डित परमानन्द शर्मा ने आश्रम पर संचालित अलख निरंजन ज्योति ध्यान योग केंद्र के योगाध्यक्ष शंकर लाल नागर को बताया कि अमीपरपुर खेडी आश्रम पर खेडी के बालाजी के नाम से प्रसिद्ध हनुमानजी के नये मन्दिर में प्रवेशोउत्सव के उपलक्ष्य में महंत सनातन पुरी महाराज थेगडा कोटा वालो की अध्यक्षता ओर महंत सेवानन्द पुरी महाराज के मार्गदर्शन में रविवार को नव कुण्डीय श्री राम-हनुमान यज्ञ की तैयारियां को अंतिम रूप देकर 9 कुण्डीय श्रीराम-हनुमान यज्ञ के पम्पलेट का महंत सेवानन्द पुरी महाराज द्वारा विमोचन किया गया। योगाध्यक्ष नागर के अनुसार आश्रम सूत्रों के अनुसार रामनवमी को पुराने मन्दिर से हनुमान जी (खेड़ी के बालाजी) की मूर्ति को जल कलश शोभायात्रा बाद, बेथली ओर पार्वती नदी के पवित्र जल और गंगादि पवित्र नदियों के जल के साथ पंचामृत से अभिषेक कराकर नव निर्मित मन्दिर में रामनवमी के शुभ मुहूर्त में पांच पंचों की साक्षी में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रवेश करा स्थापित किया जाएगा, साथ मे शीतला, दुर्गा माता, प्रेत महाराज की मूर्तियों को भी स्थापित किया जावेगा।

### बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया

**छबड़ा** (निसं)। संत रामपाल महाराज के शिष्यों के द्वारा रविवार को एलइडी टीवी के माध्यम से संत रामपाल के मंगल प्रवचनों को दिखाया गया। आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग सुनने के लिए पहुचे। यह कार्यक्रम सेलिब्रेशन मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुआ। सत्संग के माध्यम से संत रामपाल महाराज ने वेद शास्त्रों के सार को समझाते हुए, समाज में नैतिकता, सच्चाई और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया है। उनके सत्संगों में सभी धर्मों के शास्त्रों को विशेष महत्व दिया जाता है, जिससे धर्मिक सहयोग और एकता का समाज में प्रसारण होता है। यहां तक कि उनके सत्संगों के प्रभाव से, समाज में व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। ध्यान से सुने गए संदेशों के प्रति समाज का उत्साह और समर्थन बढ़ रहा है, जिससे नए विचारों और आदर्शों की प्रोत्साहना हो रही है। संत रामपाल महाराज के सत्संगों के माध्यम से समाज में एक स्वच्छ, साहसिक और सहयोगपूर्ण वातावरण की स्थापना हो रही है। उनका संदेश धार्मिकता के साथ-साथ सभी धर्मों के प्रति समझदारी और समरसता की भावना को बढावा देता है।

### चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आज

**बूंदी** (निसं)। दिगंबर जैन खंडेलवाल (सरावगी) समाज संस्था महावीर जयंती महोत्सव समिति की ओर से बुधवार को चौगान जैन मंदिर में निःशुल्क विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर लगाया जाएगा। जिसमें कोटा व बूंदी के चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। महोत्सव समिति के उप संयोजक प्रमोद गंगवाल,रोबीन कासलीवाल व मनीष बडज़ात्या ने बताया कि शिविर में स्पाईन एवं मस्तिष्क रोग सर्जन डॉ.बनेश जैन, नेफ्रोलॉजी फिजिशियन डॉ.खुशाली जैन, कार्डियोलॉजी डॉ. अभिषेक सनाढ्य, फिजिशियन डॉ.बी.एस.मीणा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.शिवानी मीणा, आर्थोपेडिक डॉ.अरविंद कुमार, स्किन के डॉ.जितेंद्र मीणा व डेंटिस्ट डॉ. मोहित जैन अपनी सेवाएं देंगे। सकल जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसमें शुगर, बीपी की भी निःशुल्क जांच की जाएगी।

### उर्स पर चादर पेश की

**बून्दी** (निसं)। हजरत मोमिन आरिफ शाह क़ादरी के उर्स के मौके पर फजर बाद क़ुरआन खानी हुई और जोहर बाद चादर शरीफ का जुलूस निकाल कर असर बाद चादर शरीफ पेश की गई। इशा बाद हुए जलसे की सदारत मुफ़्ती मुहम्मद आलम रजा गौरी ने की। मुफ़्ती मुहम्मद आलम रजा ग़ौरी ने तक़रीर में बताया कि खुदा विलायत का ताज हर किसी को नहीं देता जो उसकी मर्जी के मुताबिक़ काम करता है उसी को वली बनाता है। जलसे में कैथून से आये मुक़र्रिरे खुसूसी सूफी अमानुल्लाह अशरफी आहब ने बताया कि मोमिन को अल्लाह से डरना चाहिए और औलिया से मोहब्बत रखना चाहिए। जलसा शानो शौकत के साथ मनाया गया। इश्तियाक अज़ीज़ी, शकील अख्तर, आमीन भाई, शाह आलम मौजूद रहे।

### रक्तदान कर प्रसूता की जान बचाई

**बूंदी** (निसं)। सामान्य चिकित्सालय में भर्ती प्रसुता को राठौर रक्तदाता ग्रुप बुन्दी सदस्य ने रक्तदान कर जीवन बचाया। राठौर रक्तदाता ग्रुप संरक्षक पुरुषोत्तम राठौर ने बताया कि सामान्य चिकित्सालय में भर्ती लोकेश कुमारी पत्नी बनवारी माली को बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता होने एवं कहीं से भी रक्त उपलब्ध नहीं होने पर सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रुप के सक्रिय सदस्य नरसी साहू को पता लगने पर थाना कोतवाली में ड्युटी पर तैनात पुलिस कांस्टेबल योगेश राठौर से संपर्क कर रक्तदान करवाया गया। योगेश राठौर अब तक 20वीं बार रक्तदान कर चुके एवं रक्त की कमी से पीड़ित मरीजों को रक्त की आवश्यकता होने पर समय समय पर रक्तदान कर मानवीय फर्ज निभाते हैं।

### मण्डल प्रभारी नियुक्त किये

**बून्दी** (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने जिले के 6 मंडलों में प्रभारी नियुक्त किए हैं। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि बून्दी शहर मंडल में पूर्व सभापति महावीर मोदी, तालेड़ा मण्डल में उप प्रधान राधेश्याम गुर्जर, नमाना मंडल में कुंजबिहारी बील्या, संजय लाठी, खटकड़ मंडल में अमित निंबार्क, डॉ. सत्यनारायण गौतम, तालेड़ा में लक्ष्मीकांत श्रृंगी, सत्यनारायण गुर्जर, सुवासा मंडल में भंवरलाल शर्मा, हितेंद्र सिंह खेड़ला, डाबी मंडल में राधेश्याम वैरागी व राजेश रायपुरिया को प्रभारी नियुक्त किया है।

### प्रतियोगिता में रितिका ने बाजी मारी

**बून्दी** (निसं)। महावीर जयंती महोत्सव समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में चौगान जैन मंदिर में दिगंबर जैन खंडेलवाल (सरावगी) समाज संस्था द्वारा बिंब से प्रतिबिंब प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रभारी बबीता गंगवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम रितिका गंगवाल, द्वितीय देवांशी अजमेरा व तृतीय स्थान पर रुचिता कासलीवाल रही। निर्णायक की भूमिका एकता पापड़ीवाल, मंजू जिंदल व रश्मि दाधीच ने निभाई।

### रामनवमी पर नीलामी अवकाश

**छबड़ा** (निसं)। कृषि उपज मंडी में 17 अप्रैल को रामनवमी पर्व पर नीलामी कार्य बन्द रहेगा। अध्यक्ष किशन कालरा ने बताया कि रामनवमी का पर्व होने के कारण कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। इसलिए किसान मंडी में अपना माल लेकर नहीं आये। शेष दिन मंडी यथावत चालू रहेगी।

### भाजपा की बैठक आयोजित

**बूंदी** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जारी किए गए संकल्प पत्र को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल और भाजपा जिला प्रवक्ता एवं जिला मीडिया संयोजक अनिल जैन ने संकल्प पत्र में जारी भाजपा के संकल्प एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटीयों के बारे में जानकारी दी।

# कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया ने अकलेरा ब्लॉक के गांवों का दौरा किया

**झालावाड़** (निसं)। लोकसभा क्षेत्र झालावाड-बारां से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया द्वारा अपने चुनावी जनसम्पर्क अभियान के तहत आज अकलेरा ब्लॉक में डेढ दर्जन से अधिक गांवों में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर जनसम्पर्क किया गया।

विधायक प्रत्याषी मनोहरथाना नेमीचंद मीणा ने बताया कि झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी प्रत्याषी उर्मिला जैन भाया द्वारा ब्लॉक अकलेरा के थनावद, मिश्रोली, मेठून, खारपा, थरोल, पचोला, गोपालपुरा, अमृतखेडी, गुलखेडी, घाटोली, कोहडीझर, सरखण्डिया, देवरी चंचल, लसूडियाशाह, चुरेलिया, नयापुरा, ल्हास, देवरीकलां एवं तुरकाडिया गांवों में आमजन के बीच पहुंचकर जनसम्पर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की गई।

जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान उर्मिला जैन भाया ने कहा कि वसुंधराजी 5 बार सांसद तथा 2 दो बार मुख्यमंत्री चुकी है तथा दुष्यंतसिंह जी 4 बार सांसद रह चुके है।

इसके बावजूद क्षेत्र के जो हालात है वह किसी से छुपे हुए नही है। उनके द्वारा बारां जिले में कितने धर्म के काम, मंदिरों के काम कराए, कितने गरीब परिवारों के बच्चे-बच्चियों की निःशुल्क शादियां करवायी, कितने लोगों के ईलाज में उनके द्वारा मदद की गई, कितनी गौशालाओं बनायी। भाया ने कहा कि यह सब आप लोगों को सोचने-समझने की आवश्यकता है।

आप एक बार परिवर्तन करके देखे, निष्चित रूप से बारां एवं झालावाड जिले की जनता को फायदा होगा, किसान भाईयों को फायदा होगा तथा हर तबके को फायदा होगा। हम बारां-झालावाड जिलेवासियों नए उद्योग स्थापित करेगे, ताकि उन्हें अपनी कृषि जिन्सों के अच्छे दाम मिले साथ ही युवाओं को नए रोजगार मिले।

इसके साथ ही अफीम के लिए नई नीति बनवाएंगे ताकि जो भी किसान भाई बारां एवं झालावाड जिले में अफीम के लिए नया पट्टा लेना चाहे उसे पट्टा मिले तथा अफीम फसल का मूल्य भी बढवाएंगे।

उर्मिला जैन भाया के जनसम्पर्क के दौरान ब्लॉक प्रभारी अमोलक मीणा, बालकिषन यादव, गिर्राज मीणा, सिद्दिक गौरी, मोहनलाल जैन, कोमल वर्मा, रविन्द्र जैन, भगवान सिंह, जगदीष मीणा, कल्याणजी तंवर, गिरिराज नागर, मण्डल अध्यक्ष अषोक मीणा, हुकमचंद मीणा, जमनालाल मीणा, नरेन्द्र नन्दवाना अध्यक्ष दी बारां मार्केटिंग सोसायटी अन्ता, सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कांग्रेसजन आदि भी उपस्थित रहे।



कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया ने अकलेरा ब्लॉक में डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर जनसम्पर्क किया।

## चारभुजा में श्रीराम कथा का आयोजन

**रावतभाटा,** (निसं)। श्री बालाजी ध्वजा फैरी के अंतर्गत यविवार को रात्रि 8 बजे रामलीला मैदान परिसर चारभुजा में श्रीराम कथा का प्रारंभ पुजन व आरती के साथ किया गया।

आरती के पष्चात क्रांतिकारी संत श्री 108 श्री ब्रह्मानंद जी रामायणी ने कथा में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह का सुंदर प्रसंग व नारद मोह की कथा का वर्णन किया। रामायण जी का पूजन पूर्वप्रधान राधेश्याम गुप्ता, किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा, राजेंद्र दसोरा, ताराचंद माली, सुरेश सेन ने किया। श्रीरामकथा 14 अप्रैल से 22 अप्रैल तक रामलीला मैदान परिसर चारभुजा में रात्रि 8:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव व 27 अप्रैल को श्री हनुमान जी की ध्वजा नगर भ्रमण संस्कृत स्कूल चारभुजा से बाडोली मंदिर तक ध्वजा निकाली जाएगी।



अंता में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी व विकास अधिकारी ब्लॉक स्वीप प्रभारी के संयुक्त संयोजन में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से न्यून मतदान केंद्र चहेडिया में ब्लॉक स्वीप टीम सदस्य सुरभि खण्डेलवाल व विकास मालव द्वारा गांव के चोराहे पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुरभि खण्डेलवाल व विकास मालव ने बताया कि ग्राम वासियो को लोकसभा चुनाव में अपने-अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। साथ ही संकल्प पत्र का वितरण व ई-शपथ करवायी गयी। स्वीप टीम द्वारा सरकार की थीम ''सबको समझायेंगे वोट डालने जायेगे'' के आधार पर राजकीय अस्पताल अंता व सीसवाली चोराहे पर छात्राओ के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें नगरवासियो को मतदान के लिये जागरूक किया गया। राधेश्याम भील विकास अधिकारी पचायत समिति अंता द्वारा मतदान की शपथ दिलवाई गयी। इस दौरन स्वीप टीम सदस्य मुस्तकीम मोहम्मद, पंचायत समिति स्टॉफ व नगरवासी मौजूद रहे।

# मतदान बहिष्कार संभावित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया



एस.डी.एम. व डी.एस.पी. ने आधा दर्जन से अधिक मतदान बहिष्कार संभावित मतदान केन्द्रों का दौरा किया।

**छबड़ा** (निसं)। एसडीएम व डीएसपी ने सोमवार को आधा दर्जन से अधिक मतदान बहिष्कार संभावित मतदान केन्द्रों का दौरा किया और ग्रामीणों से 26 अप्रेल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में बिना किसी भय के शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एस.डी.एम.) रामसिंह गुर्जर एवं पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश अटल ने संयुक्त रूप से छबडा क्षेत्र के शंकर कॉलोनी, कड़ैयाबन, मूडंला, कोलूखेडा, कुण्डी, घाटाखेडी, पचापाडा आदि वनरेबल एवं मतदान बहिष्कार संभावित मतदान केन्द्रों का दौरा किया और ग्रामीणों से समझाइश कर बिना किसी भय के शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही लोगो को उनके मत की महत्ता के बारे में जानकारी प्रदान कर लोकतंत्र की इस पर्व में स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ, हैला टोली, वोट योद्धाओं को भी संबल प्रदान कर लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## अवैध मादक पदार्थ सहित महिला तस्कर गिरफ्तार

**भवानीमंडी** (निसं)। पंजाब निवासी एक महिला के कब्जे से पुलिस ने करीब तीन लाख रूपये का मादक पदार्थ बरामद कर आरोपी महिला तस्कर को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

वह यहां यह मादक पदार्थ किससे लाई थी और किसे देने जा रही थी। भवानीमण्डी पुलिस सीआई रमेशचंद मीणा ने बताया कि पंजाब राज्य की निवासी महिला आरोपी के कब्जे से 19 किलो 335 ग्राम डोडा चुरा बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है।

बरामद डोडा-चूरा की अनुमानित कीमत करीब 2,90,000 रूपये है। यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देश पर मय जाप्ता द्वारा महिला आरोपी नेहा पत्नी दविन्द्र सिंह जाति मजबी सिक्ख (हरिजन) (36) निवासी शेरपुरा रोड खेताराम बाग जगराओ पुलिस थाना जगराओ जिला लुधियाना ( पंजाब ) को अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा 19 किलो 335 ग्राम ले जाते हुये को पकड़ने में सफलता मिली है।

# आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक बैठक आयोजित

**झालावाड़** (निसं)। आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा की अध्यक्षता में सोमवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभागवार प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग के निर्देश एसआरजी चिकित्सालय के अधीक्षक को दिए।

उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पेयजल आपूर्ति के लिए आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर की व्यवस्था एवं हैण्डपम्पों की मरम्मत आदि के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए मतदान तिथि 26 अप्रेल को मतदान केन्द्रों पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता को दिए।

इस दौरान उन्होंने जिले में बेसहारा घूम रहे नन्दियों के बधियाकरण के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए उक्त कार्य को निरन्तर जारी रखने के निर्देश पशुपालन विभाग के अधिकारी को दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को उनके विभागों से संबंधित सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित चल रहे प्रकरणों के नियमित रूप से निस्तारण करवाने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में आमजन को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु सभी अधिकारियों को उनके कार्यालयों एवं कार्य स्थलों पर मतदाता जागरूकता संबंधी बैनर व पोस्टर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव के दौरान मतदान दलों के कार्मिकों के लिए दवाईयों की उचित व्यवस्था के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), महिला एवं बाल विकास, कृषि, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ‘ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत के झूलते तारों से कई घटनाएं हो चुकी’

- निपानियां में झूलती तारों के करंट से गौमाता की मौत
- सरपंच ने विद्युत विभाग से की शिकायत

**छबड़ा** (निसं)। निपानिया पंचायत के खेतों एवं रास्तों से जर्जर एवं झूलती विद्युत लाइनों के टूट कर नीचे गिरने से जहां गोमाता सहित कई जानवर विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत के शिकार हो गए हैं।

वहीं, कई बार फसले भी जल चुकी है। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा कई बार विद्युत विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने से रविवार को भी एक गौ माता विद्युत करंट से झुलस गई। ग्रामीणों का आरोप है की विद्युत विभाग को शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। सरपंच ने रविवार को झुलसी गोमाता की छबडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं विद्युत विभाग को लिखित में शिकायत की है।

सरपंच विजय सिंह मीणा के अनुसार रविवार को सत्तू मीणा की बाडी में जर्जर एवं झूलती विद्युत लाइन के टूटकर आ गिरने से बुरी तरह झुलसी गौमाता की मौत हो गई। सरपंच मीणा के अनुसार पिछले वर्ष भी सत्तू मीणा की एक गाय विद्युत तार के करंट से झुलस कर मर गई थी। साथ ही, पूर्व सरपंच हरिसिंह मीणा की भैंस एवं फसल भी टूट कर गिरी विद्युत लाइन के शिकार हो चुके हैं। कई बार विद्युत विभाग को इन झूलते जर्जर तारों को बदलने के लिए मांग की गई। लेकिन अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया। सरपंच मीणा ने विद्युत विभाग को पत्र लिखकर शीघ्र ही जर्जर विद्युत लाइनों को बदलने की मांग की है तथा चेतावनी दी हे कि अगर विद्युत लाइन नहीं बदली गई तो इसके विरुद्ध पंचायत के ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### होटल मां रतन पैलेस का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर के रायपुरा रोड पर सोमवार को होटल मां रतन पैलेस का उद्घाटन ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील माथुर द्वारा फिता काटकर किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि सुनील माथुर, सुभाष सोरल और पत्रकार हंसपाल यादव का होटल मालिक के परिवार द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। होटल मालिक भोजराज पारेता ने बताया कि रायपुरा चौराहे के पास अत्याधुनिक सुविधा से लैस होटल मां रतन पैलेस सोमवार को लोगों की सेवा में समर्पित हो गया। माथुर ने होटल के मालिक भोजराज पारेता, कमल पारेता और लोकेश पारेता को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लोकेश पारेता ने बताया कि शहर के लोगों की बड़ी मांग को देखते अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ लैस और फुली एयर कंडीशन होटल खोला गया हैं। जिसमें बैंक्वेट हाल, किटी हाल, रेस्त्रां, बार और अन्य हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस दौरान फिल्म डायरेक्टर सुभाष सोरल, कोटा ग्रेटर प्रेस क्लब कार्यालय मंत्री हंसपाल यादव समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### आर.एस.सी.आई.टी. कोर्स प्रारम्भ

**रावतभाटा,** (निसं)। अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसायटी के सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि मदरसा सिराजुल इस्लाम में एक म  से कम्प्यूटर कोर्स शुरू किया जायेगा। एक मई से मदरसा में कम्प्यूटर बेसिक कोर्स आरएससीआईटी कोर्स शुरू होगा। इसके लिए अंजुमन ने इल्म कम्प्यूटर एकेडमी से एमओयू किया है। आरएससीआ टी कोर्स फीस 4250 रुपए है। अंजुमन और इल्म कम्प्यूटर इसमें 2250 रुपए सब्सिडी देंगे। अभ्यर्थी को कोर्स के लिए 2 हज़ार रुपए ही जमा कराने होंगे।

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित

**रावतभाटा,** (निसं)। अजमेर विद्युत निगम लिमिटेड रावतभाटा के अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 33/11 केवी जीएसएस डीजल पावर हाऊस के 11 केवी आरपीएस कॉलोनी फीडर पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी।

## अम्बेडकर जयन्ती हर्षोल्लास से मनाई

**अंता** (निसं)। एनटीपीसी अंता में संविधान निर्माता, भारत रत्न एवं समाज सुधारक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख राजेश भारद्वाज ने अपने संबोधन में बाबा साहब को शत शत नमन करते हुए बताया कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने का उद्देश्य पूरा किया। हम भी उनके जीवन का कुछ अंश अपने जीवन में उतार सकें तो हमारा जीवन सार्थक होगा । उन्होंने बाबा साहब को सामाजिक समरसता के अग्रदूत एवं आधुनिक भारत बनाने वाले महान पुरूष बताया। भारद्वाज ने कहा कि उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे पूर्व डॉ अम्बेडकर जयन्ती पर आस-पास के राजकीय विद्यालयों में उनके जीवन से संबंधित निबंध प्रतियोगिता रखी गई जिसमें छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी अंता के अम्बेडकर खेल परिसर में अम्बेडकर स्मृति क्रिकेट प्रतियागिता का आयोजन किया।

# श्याणी बुआ ने मतदान जागृति का पाठ पढ़ाया

**बूंदी** (निसं)। मतदान जागृति की श्रृंखला में सोमवार को इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी के नेतृत्व में श्याणी बुआ ने मतदान जागृति का मोर्चा संभाला व नरेगा श्रमिकों को संगोष्ठी द्वारा मतदान जागृति का पाठ पढाया तथा शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

वहीं दूसरी और कन्या महाविद्यालय में प्रथम वर्ष कला वर्ग की नव मतदाता छात्राओं ने परीक्षा समाप्ति के साथ मतदान जागृति का मोर्चा संभाला। संगोष्ठी की अध्यक्षता नरेगा मेट ममता प्रजापत ने की। राज्य पुरस्कार गाइड विप्रांति प्रजापत, कैंपस एंबेसडर सिद्धिनामाव अक्षरा गौतम मुख्य वक्ता रही।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ सर्वेश तिवारी ने बताया कि मतदान जागृति की श्रृंखला में सोमवार को बीबनवा क्षेत्र में नरेगाकर्मी महिलाओं के बीच पहुंची बुआ ने उनको आत्मविश्वास के साथ निर्भीक होकर मतदान हेतु प्रेरित किया बुआ ने कहा कि बहनों आपको अपने भविष्य के लिए लोकतंत्र को मजबूत करना जरूरी है इसलिए वोट जरूर करें। हमें अपने देश के प्रति इस जिम्मेदारी को निभाना है और 26 अप्रैल को निश्चित रूप से वोट करने जाना है और अपने घर परिवार के सदस्य तथा अड़ोस पड़ोस के व्यक्तियों को भी जागृत करना है कि ज्यादा से ज्यादा वोट हो बुआ ने कहा कि श्याणी बुआ को खेणों छ वोट सब न देणो छ।

नरेगा मेट ममता प्रजापत ने सभी महिलाओं के साथ बुआ का अभिनंदन किया तथा बुआ के साथ मतदान का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन अभियान से जुड़ी तनीषा प्रजापत व विप्रांति प्रजापत ने किया।

**लोकतंत्र का मान करें शत प्रतिशत मतदान करें:-** दूसरी और शहर के लंका गेट रोड क्षेत्र में राजकीय कन्या महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य डॉ संदीप यादव की अध्यक्षता में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यादव ने संभागीय छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित करवाते हुए अधिकाधिक मतदान हेतु जागरूक किया।

कैंपस एंबेसडर सिद्धि नामा एवं अक्षरा गौतम ने मतदाता जागरूकता सामग्री के माध्यम से अभियान में भूमिका की जानकारी दी। लोकतंत्र का मान करें शत प्रतिशत मतदान करें संदेश के साथ कला वर्ग की छात्राओं ने परीक्षा समाप्ति के साथ सोमवार को मतदान जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेकर वातावरण को जनचेतना कारी नारों से गुंजित कर दिया। संभागी ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी छात्राओं ने आगामी 26 अप्रैल को अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक जन चेतना के साथ मतदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नव मतदाता छात्राओं के साथ इस अवसर पर महाविद्यालय व्याख्याता गण ने सहभागिता की।




बूंदी में नरेगा श्रमिकों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।